web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 25 नवंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 57

## महत्वपूर्ण एवं खास

### असम के दीमा हसाओ जिले में भूकंप के हल्के झटके

**गुवाहाटी (आरएनएस)।** असम के पर्वतीय दीमा हसाओ जिले में शनिवार रात भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 3.8 मापी गई। एक आपदा प्रबंधन अधिकारी ने बताया कि भूकंप दीमा हसाओ जिले और आसपास के इलाकों में रात करीब 11.05 बजे महसूस किया गया। जानमाल के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार, भूकंप के केंद्र सतह से 10 किलोमीटर की गहराई पर था। असम में शनिवार को आया भूकंप पहाड़ी पूर्वोत्तर राज्यों में एक महीने से भी कम समय में आया छठा ऐसा भूकंप है। इससे पहले 22 नवंबर को मणिपुर के बिष्णुपुर जिले और आसपास के इलाकों में रिक्टर पैमाने पर 3.6 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें किसी तरह के नुकसान या हताहत होने की खबर नहीं है। इसका केंद्र सतह से 10 किलोमीटर की गहराई पर था। अरुणाचल प्रदेश के पश्चिमी कामेंग जिले और आसपास के इलाकों में 21 नवंबर को रिक्टर पैमाने पर 3.5 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया जिसका केंद्र सतह से पांच किलोमीटर की गहराई पर था। सिक्किम की राजधानी गंगटोक और हिमालयी राज्य के आस-पास के इलाकों में 12 नवंबर को रिक्टर पैमाने पर 3.5 तीव्रता का हल्का भूकंप आया। उसी दिन असम के पहाड़ी जिले कार्बी आंगलोंग में 3.6 तीव्रता का भूकंप आया जिसका केंद्र सतह से 20 किलोमीटर की गहराई पर था।

### उत्तर भारत में सुबह-शाम कंपकंपाने लगी सर्दी



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** उत्तरी भारत में कंपकंपा देने वाली सर्दी पडऩा शुरू हो गई है और नवंबर के अंत में तापमान में तेजी से गिरावट के चलते इसका असर और तेज होगा।कई राज्यों में कोहरा छाने से न्यूनतम तापमान 10 डिग्री तक जा पहुंचा।आज हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार, हिमाचल प्रदेश में कोहरा छाने के आसार हैं।दूसरी तरफ मौसम विभाग ने अंडमान निकोबार द्वीप समूह में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। पश्चिमी विक्षोभ कमजोर पडऩे के कारण दिल्ली में अधिकतम तापमान में उछाल देखने को मिल रहा है।शनिवार को अधिकतम तापमान बढक़र 29.4 डिग्री पर पहुंच गया। यह सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा है। दूसरी तरफ न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री रहा, जो सामान्य के बराबर है।पूर्वानुमान के अनुसार, रविवार सुबह-शाम कोहरा के साथ स्मॉग का असर दिखाई देगा। अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम 12 डिग्री तक रह सकता है। सोमवार से तापमान में थोड़ी गिरावट आने लगेगी। उत्तर प्रदेश में सुबह-शाम की ठंड के अलावा अब दिन के समय भी सर्दी का अहसास होने लगा है। यहां 28 नवंबर तक कोहरा पडऩे का अलर्ट जारी किया गया है।राजस्थान में भी कड़ाके की ठंड पडऩी शुरू हो गई है। शनिवार को प्रदेश में सबसे ज्यादा तापमान जैसलमेर में 31.8 डिग्री और न्यूनतम 8.4 डिग्री फतेहपुर में दर्ज किया गया।बिहार में अगले 3 दिनों में सुबह के समय हल्के से मध्यम कोहरा छाया रह सकता है।

# आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में आरटीसी बस-ऑटो की टक्कर, सात की मौत चार घायल

**नई दिल्ली । आरएनएस**

आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले के गरल्डिने मंडल में थलागासपल्ले के पास एक आरटीसी बस और खेतिहर मजदूरों को ले जा रहे ऑटो के बीच टक्कर हो गई, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार, कुट्टलूरू मंडल के नेल्लुट्ला गांव के 12 किसान मजदूर गार्ल्डिने में काम करने के लिए एक ऑटो में सवार होकर गए थे। वापस लौटते समय विपरीत दिशा से आ रही आरटीसी बस ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। मृतकों में दो की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अन्य दो की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई, जबकि अन्य तीन ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायलों का इलाज अनंतपुर सरकारी अस्पताल में जारी है।

सूचना मिलने पर जिला एसपी जगदीश और डीएसपी वेंकटेश्वरुलु ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आगे की जांच के लिए आरटीसी बस चालक को हिरासत में ले लिया है।



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने थलागासपल्ले में हुए इस दर्दनाक सडक़ हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने इस दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार पीड़ित परिवारों के साथ है।

इसके अलावा मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिवारों को 5-5 लाख रुपये का मुआवजा देने का ऐलान भी किया है।

चंद्रबाबू नायडू ने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि घायलों को जल्द से जल्द चिकित्सा सहायता मिले और राहत कार्यों में कोई कमी न हो। उन्होंने दुर्घटना की पूरी जांच कराए जाने की भी निर्देश दिया है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है, ताकि दुर्घटना के कारणों का पता चल सके और जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। वहीं आरटीसी बस चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

## गूगल मैप ने दिखाया गलत रास्ता, अधूरे पुल से नदी में गिरी कार, हादसे में 3 लोगों की मौत

**बरेली । आरएनएस**

बरेली के फरीदपुर थाना क्षेत्र में शनिवार रात एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें तीन लोगों की जान चली गई. जानकारी के मुताबिक, गूगल मैप के जरिए रास्ता ढूंढते हुए एक टैक्सी परमिट की कार अधूरे पुल से गिर गई और रामगंगा नदी में जा गिरी. इस हादसे में मैनपुरी के कौशल कुमार, फर्रुखाबाद के विवेक कुमार और अमित की मौत हो गई.

घटना उस समय हुई जब कार सवार लोग गूगल मैप का सहारा लेकर दातागंज की ओर जा रहे थे. गूगल मैप ने उन्हें अधूरे पड़े पुल से गुजरने का रास्ता दिखा दिया, जिसे वे अनजाने में फॉलो कर रहे थे. जैसे ही कार पुल पर पहुंची, वह अचानक नीचे गिर गई और नदी में जा समाई. घटना के बाद जब ग्रामीणों ने घटना स्थल पर पहुंचकर देखा, तो कार क्षतिग्रस्त हो चुकी थी और आसपास खून पड़ा हुआ था.

इस हादसे के बाद स्थानीय पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लिया और मामले की जांच शुरू की. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गूगल मैप के गलत मार्गदर्शन के कारण यह हादसा हुआ, जिससे इस बात की ओर ध्यान आकर्षित होता है कि किस प्रकार डिजिटल रास्ता निर्देशक भी कभी-कभी खतरनाक साबित हो सकते हैं.

ग्रामीणों ने घटना स्थल के पास स्थित अधूरे पुल की समस्या पर भी चिंता जताई और स्थानीय प्रशासन से इस पर जल्द कार्रवाई की मांग की है. यह हादसा इस बात का सबूत है कि किस तरह डिजिटल टूल्स के गलत मार्गदर्शन से जान का खतरा उत्पन्न हो सकता है, खासकर जब रास्ते की स्थिति खतरनाक हो.

## दिल्ली में कॉन्स्टेबल की हत्या करने वाला आरोपी मुठभेड़ में ढेर, एक आरोपी के पैर में लगी गोली

**नईदिल्ली । आरएनएस**

दिल्ली पुलिस के एक कॉन्स्टेबल की शुक्रवार को चाकू घोंपकर हत्या कर दी थी। इस मामले में शनिवार की रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में एक आरोपी की गोली लगने से मौत हो गई, जबकि एक अन्य आरोपी घायल बताया जा रहा है। घायल आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि बदमाशों ने शुक्रवार को एक कॉन्स्टेबल पर चाकू से हमला किया था, जिसके बाद अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई थी। घटना के समय आरोपी नशे में थे और कॉन्स्टेबल ने उन्हें पकडऩे की कोशिश की थी, जिसके बाद आरोपियों ने उनकी हत्या कर दी।

दरअसल, शनिवार को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में एक आरोपी को गोली लगी और उसकी मौत हो गई। जिस आरोपी से पुलिस की मुठभेड़ हुई उसकी पहचान रॉकी उर्फ राघव नाम के बदमाश के रूप में हुई है। ये आरोपी रॉकी उर्फ राघव दिल्ली पुलिस के कॉन्स्टेबल किरणपाल की हत्या में आरोपी था। रॉकी ने ही कॉन्स्टेबल पर चाकू से हमला किया था, जिससे उसकी मौत हुई। वहीं इस मामले में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया था। गिरफ्त में आये आरोपी का नाम दीपक था। मुठभेड़ में दीपक के पैर में भी गोली लगी थी।

बता दें कि शुक्रवार रात को गोविंदपुरी इलाके में गश्त कर रहे सिपाही किरणपाल की हत्या बदमाशों ने हत्या कर दी थी। आरोपियों ने कॉन्स्टेबल किरणपाल की चाकू मारकर हत्या की थी। रात्रि गश्त के दौरान सिपाही किरणपाल ने बदमाशों को नशे की हालत में पकड़ा था, जो चोरी करने जा रहे थे। इसी दौरान दीपक ने कॉन्स्टेबल को पकड़ लिया, जबकि रॉकी ने उस पर चाकू से हमला किया। हालांकि सिपाही किरणपाल को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन उन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया था।

## भारत की पिनाका हथियार प्रणाली से बढ़ेगी आर्मेनिया की ताकत, शुरू किया गया निर्यात

**नईदिल्ली । आरएनएस**

भारत लगातार अपनी युद्धक क्षमताओं में इजाफा कर रहा है. इसके साथ ही वह अपने सहयोगी देशों की ताकत बढ़ाने में भी लगा है. इसी कड़ी में भारत अब आर्मेनिया की मदद भी कर रहा है. दरअसल, स्वदेशी मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर (एमबीआरएल) में बढ़ती वैश्विक रुचि के बीच, भारत ने रविवार को आर्मेनिया को अत्यधिक सक्षम पिनाका रॉकेट की आपूर्ति शुरू कर दी है.

बता दें कि पिनाका रॉकेट को डीआरडीओ ने विकसित किया है. डीआरडीओ द्वारा विकसित किए गए इन रॉकेट लॉन्चरों की आपूर्ति लगभग उसी समय शुरू कर दी गई थी जब भारत ने उस देश को



आकाश वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली की डिलीवरी शुरू की है. रक्षा सूत्रों के मुताबिक, पिनाका मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम की पहली खेप आर्मेनिया को आपूर्ति की गई है.

पिनाका रॉकेट लांचर की अत्यधिक सक्षम की बात करें तो ये हथियार प्रणाली 80 किलोमीटर से अधिक दूरी तक मौजूद अपने लक्ष्य को भेदने में सक्षम है. बता दें कि इन हथियारों की आपूर्ति के लिए भारतीय कंपनियों और आर्मेनिया के बीच विस्तारित बातचीत के बाद लगभग दो साल पहले अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए थे. गौरतलब है कि भारतीय हथियारों और उपकरणों के तीन सबसे बड़े खरीदारों में आर्मेनिया, अमेरिका और फ्रांस शामिल हैं.

इसके साथ ही दक्षिण पूर्व एशिया और यूरोप के कई देशों ने पिनाका रॉकेटों में रुचि दिखाई है, जिनके कई संस्करण हाल के दिनों में विकसित किए गए हैं और भारतीय सेना उन्हें बड़े पैमाने पर अपने बेड़े में शामिल करना चाहती है. बता दें कि डीआरडीओ ने हाल ही में गाइडेड पिनाका रॉकेट का महत्वपूर्ण परीक्षण भी किया है, जो सरकारी स्वामित्व वाली म्यूनिशन्स इंडिया लिमिटेड के साथ नागपुर स्थित सोलर इंडस्ट्रीज़ इकोनॉमिक एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड द्वारा विकसित की गई है.

बता दें कि फ्रांस ने भी इस हथियार प्रणाली के अधिग्रहण में रुचि दिखाई है. इस हथियार प्रणाली का नाम भगवान शिव के दिव्य धनुष के नाम पर रखा गया है. रॉकेट प्रणाली में फ्रांसीसी रुचि इस साल की शुरुआत में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान की उच्च स्तरीय यात्रा के दौरान दिखाई गई थी.

भारत निर्यात बाजारों के लिए स्वदेशी प्रणालियों पर जोर दे रहा है. जिसमें केंद्र 2014 के बाद से तीन गुना सफलता हासिल करने में सक्षम रहा है. विशेष रूप से, अमेरिका के बाद फ्रांस भारतीय रक्षा उपकरणों का दूसरा सबसे बड़ा आयातक बन गया है.जहां भारत से बहुत सारे इलेक्ट्रॉनिक्स सामान का निर्यात किया जाता है.

## संभल में जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर हिंसा : तीन लोगों की मौत, 15 हिरासत में लिए गए

**संभल । आरएनएस**

उत्तर प्रदेश के संभल में रविवार सुबह जामा मस्जिद के कोर्ट के आदेश पर हुए सर्वेक्षण के कारण स्थानीय लोगों और पुलिस के बीच हिंसक झड़पें हुईं, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। पथराव में लगभग 20 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं।

मुरादाबाद के कमिश्नर आंजनेय सिंह ने कहा कि कोर्ट के आदेश पर रविवार को सुबह सात बजे से सुबह 11 बजे तक जामा मस्जिद का सर्वे होने था। कोर्ट के आदेश पर एडवोकेट कमिश्नर के नेतृत्व में सर्वे की टीम यहां आई थी। टीम के साथ पर्याप्त सुरक्षा बल भी था। डीएम और पुलिस अधीक्षक भी साथ थे।



टीम सर्वे करने जामा मस्जिद पहुंची। शुरुआत में सब कुछ ठीक था। लगभग दो घंटे सर्वे हुआ। उसी दौरान वहां पर भीड़ जमा हो गई। शुरुआत में लोग नारे लगाने लगे। थोड़ी देर बाद वहां पर पथराव शुरू हो गया। हालांकि, भीड़ मस्जिद परिसर तक नहीं जा पाई। पुलिस ने भीड़ को दूर किया।

11 बजे के बाद जब टीम सर्वे करने के बाद निकली तो लोगों ने पथराव करना शुरू कर दिया। तीन ग्रुप थे, जो तीन तरफ से लगातार पथराव कर रहे थे। टीम को सुरक्षित रूप से बाहर निकालने के लिए पुलिस ने बल का प्रयोग किया। पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी छोड़े थे।

इस बीच उनके एक ग्रुप ने वाहनों में आग लगाना शुरू कर दिया। उन लोगों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने बल का प्रयोग किया। तीन ग्रुप तीन तरफ से थे। इस बीच किसी ग्रुप ने फायरिंग की। पुलिस अधीक्षक के पीआरओ के पैर में गोली लगी है, एक डिप्टी कलेक्टर का पैर फैक्चर हो गया है। सीओ के भी छर्रे लगे हैं। पुलिस के लगभग 20 जवान घायल हुए हैं। एक कांस्टेबल के सिर में गंभीर चोट आई है।

इस फायरिंग में तीन लोगों की मौत हुई है। मरने वालों की पहचान नईम, बिलाल और नोमान के रूप में हुई है। इनके पोस्टमार्टम की तैयारी की जा रही है। इस समय स्थिति कंट्रोल में है। अभी तक 15 लोगों को हिरासत में लिया गया है। इन लोगों से पूछताछ की जा रही है। निश्चित रूप से ये उकसावे की कार्रवाई है। किसी के उकसावे में आकर पथराव किया गया है।

कोर्ट के आदेश पर सर्वे का काम हो रहा है। सर्वे का काम शांति से चल रहा था, अभी तक कोई दिक्कत नहीं आई थी। सभी लोगों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों से भी बातचीत की जा रही है।

## यमुना एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसा जगतगुरु कृपालु जी महाराज की बेटी की मौत

**नोएडा । आरएनएस**

उत्तर प्रदेश के नोएडा के दनकौर थाना क्षेत्र में रविवार को हुए एक सडक़ हादसे में जगद्गुरु श्री कृपाल जी महाराज की एक बेटी की मौत हो गई है, जबकि दो बेटियों समेत सात अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए . पुलिस ने इसकी जानकारी दी. पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है और घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया. पुलिस के अनुसार जगतगुरु की तीनों बेटियां दो कारों में सवार होकर वृंदावन से सिंगापुर जाने के लिए यमुना एक्सप्रेसवे के रास्ते दिल्ली जा रही थी, जहां से उन्हें सिंगापुर जाना था. उन्होंने बताया कि इसी दौरान यह घटना हुयी .

उन्होंने बताया कि रविवार की सुबह दनकौर क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर एक कैंटर चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए दोनो कारों में टक्कर मार दिया. इस घटना में तीनों बहनों समेत आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. प्रवक्ता ने बताया कि उन्हें उपचार के लिए नोएडा एवं दिल्ली के अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां विशाखा त्रिपाठी (75) की मृत्यु हो गयी. उन्होंने बताया कि कृपालु महाराज की दो बेटियां कृष्णा त्रिपाठी और श्यामा त्रिपाठी समेत सात अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है.

उन्होंने बताया कि मृतका के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. वहीं इस मामले में जगतगुरु कृपाल परिषद ने एक शोक संदेश में कहा है कि अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है की भक्ति धाम की अध्यक्ष डॉ विशाखा त्रिपाठी का दुर्भाग्यपूर्ण निधन हो गया है और उनका अंतिम संस्कार वृंदावन में किया जाएगा.

## संसद का शीतकालीन सत्र आज से, पेश होंगे कई महत्वपूर्ण विधेयक

**नई दिल्ली । आरएनएस**

संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार 25 नवंबर से प्रारंभ होने जा रहा है। यह सत्र 20 दिसंबर तक चलेगा। परंपरा के अनुरूप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्र के पहले दिन संसद भवन परिसर में हंस द्वार के समीप महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी देंगे। संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर 26 नवंबर को एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम संविधान सदन में होगा। गौरतलब है कि संसद के पुराने भवन को अब संविधान सदन कहा जाता है जहां सेंट्रल हॉल में संविधान दिवस का कार्यक्रम होगा।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्रालय ने बताया कि 26 नवंबर को संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ आयोजित की जा रही है। संविधान दिवस का यह कार्यक्रम पर संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में होगा।

इस सत्र में दोनों सदनों की 19- 9 बैठकें होनी हैं जबकि 26 नवंबर को राज्यसभा और लोकसभा की बैठकें नहीं होंगी। सरकार ने सत्र में विचार के लिए वक्फ (संशोधन) विधेयक सहित 16 विधेयकों की सूची तैयार की है। लोकसभा में आठ और राज्यसभा में दो विधेयक लंबित हैं। सत्र के दौरान केंद्र सरकार कई महत्वपूर्ण विधेयकों को संसद से पारित कराने का प्रयास करेगी। इसमें बैंकिंग नियम (संशोधन) विधेयक और रेलवे (संशोधन) विधेयक शामिल हैं जिन्हें लोकसभा में पिछले सत्र में पेश किया गया था, लेकिन वे पारित नहीं हो पाए थे। राज्यसभा में भारतीय वायुयान विधेयक पेश किया जाएगा जिसे मानसून सत्र में लोकसभा की मंजूरी मिल चुकी है। कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल ऐतराज कर सकते हैं। ऐसे में संसद का शीतकालीन सत्र हंगामेदार रहना तय माना जा रहा है। संसद सत्र पर महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनाव के नतीजों का भी असर पडऩा तय माना जा रहा है। दोनों राज्यों में नतीजों की घोषणा 23 नवंबर को हो चुकी है। महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले गठबंधन को जबरदस्त जीत हासिल हुई है।

## नेपाल के साथ रणनीतिक व रक्षा सहयोग पर सार्थक चर्चा

**नई दिल्ली । आरएनएस**

भारतीय थल सेनाध्यक्ष (सीओएएस) जनरल उपेंद्र द्विवेदी नेपाल की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा के बाद रविवार को भारत लौट आए। इस दौरान उन्होंने नेपाली सेना के साथ रणनीतिक चर्चा की। सेनाध्यक्ष ने यहां गोरखा दिग्गजों के साथ बातचीत की। उन्होंने नेपाली सेना प्रमुख को भारत आने का औपचारिक निमंत्रण भी दिया। रक्षा मंत्रालय का मानना है कि सेनाध्यक्ष की यह नेपाल यात्रा काफी सफल रही। इस यात्रा ने दोनों देशों के बीच मजबूत रक्षा सहयोग, सांस्कृतिक संबंधों और आपसी सम्मान को मजबूत किया है। दोनों सेनाओं के बीच दोस्ती के संकेत के रूप में, भारतीय सेना ने नेपाली सेना को वेलोर माउंट घोड़े और सेंटिनल डॉग भेंट किए हैं।

जनरल उपेन्द्र द्विवेदी को नेपाल के राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल द्वारा शीतल निवास, काठमांडू में नेपाली सेना के जनरल के मानद रैंक से सम्मानित किया गया। यह अनूठी परंपरा भारतीय और नेपाली सेनाओं के बीच गहरे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को रेखांकित करती है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक ये चर्चाएं वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए साझा प्रतिबद्धता को मजबूत करने, सैन्य संबंधों, संयुक्त अभ्यास, प्रशिक्षण सहयोग और क्षमता विकास को बढ़ाने पर केंद्रित थीं।

अपनी यात्रा के दौरान, सीओएएस ने नेपाल के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व के साथ व्यापक स्तर पर बातचीत की। उन्होंने नेपाल के राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल के साथ उच्च-स्तरीय बैठक की। इसके साथ ही सेनाध्यक्ष ने नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली के साथ भी महत्वपूर्ण मुलाकात की। इस यात्रा में उन्होंने नेपाल के रक्षा मंत्री मनबीर राय से भी बातचीत की।

इंडियन आर्मी के चीफ व नेपाली सेना के सीओएएस जनरल अशोक राज सिगडेल और अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ भी सार्थक चर्चा हुई। ये बातचीत आपसी सम्मान व द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

सीओएएस ने नेपाल में आयोजित एक समारोह में वीर स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर नेपाल के बहादुरों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बाद में, उन्होंने नेपाली सेना मुख्यालय में गार्ड ऑफ ऑनर की समीक्षा की।

भारत-नेपाल संबंधों को मजबूत करना यात्रा का केंद्रीय विषय था। जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने नेपाली सेना के सीओएएस जनरल अशोक राज सिगडेल से मुलाकात की और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को मजबूत करने के लिए आपसी हित और इससे संबंधित पहलुओं पर चर्चा की।

सीओएएस ने दोनों देशों और उनकी सेनाओं के बीच अद्वितीय सांस्कृतिक और सामाजिक संबंधों का प्रत्यक्ष अनुभव किया। द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में उनके महत्व को पहचानते हुए, भारतीय और नेपाली सेनाओं के बीच बढ़ते सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर भी चर्चा की गई। शिवपुरी में नेपाल आर्मी कमांड एंड स्टाफ कॉलेज में सीओएएस ने युद्ध के बदलते चरित्र पर एक व्याख्यान दिया। उन्होंने दोनों सेनाओं की दक्षताओं और क्षमताओं के पारस्परिक निर्माण के लिए प्रतिबद्धताओं को मजबूत और गहरा करने पर जोर दिया।

सीओएएस ने पोखरा में पूर्व सैनिक रैली में भाग लिया, और गोरखा दिग्गजों के साथ बातचीत की। सीओएएस ने विभिन्न क्षेत्रों में उनके योगदान को स्वीकार करते हुए उनकी भूमिका की सराहना की।